>

Title: Need to expedite construction work on Nashik-Pune Highway (National Higway-50).

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट (पुणे) : अध्यक्ष जी, पुणे एक स्वस्थ, सुंदर और अच्छा शहर है, जिसमें से नेशनल हाईवेज़ गुजरते हैं । पुणे शहर केन्द्र बिंदु होने के नाते पुणे-कोल्हापुर, पुणे-शोलापुर, पुणे-नासिक और पुणे-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इनका काम बहुत धीमी गति से चल रहा है । अब बारिश का सीज़न आ गया है और इस कारण से ट्रैफिक जाम हो जाता है । जिन कम्पनियों को ठेका दिया गया है, पुणे-कोल्हापुर 140 किलोमीटर का काम वर्ष 2008 में दिया गया था, वह पूरा नहीं हुआ है । उसके बाद एक्सटेंशन दिया गया, फिर भी पूरा नहीं हुआ और अभी तक भी वह पूरा नहीं हुआ है । यह रोड खराब होने के कारण से पेट्रोल की अधिक खपत होती है, लोगों का समय खराब होता है और प्रदूषण बढ़ता है । ओवर ब्रिज, अंडर पास और साथ में जो सर्विस रोड है, उसका काम भी बहुत धीमी गति से चल रहा है । मैं शून्य काल में आपके माध्यम से मंत्री जी का और सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहता हूं और जल्दी से जल्दी इस काम को पूरा करने की विनती करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गिरीश भालचन्द्र बापट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।